## महत्वपूर्ण एवं खास

### हवाई सेवा ठप फ्लाईबिग को नहीं मिल रहे यात्री किराए में भी बढ़ोत्तरी

**अंबिकापुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर- रायपुर- बिलासपुर हवाई सेवा 2 महीने में ठप हो गई है। फ्लाईबिग को यात्री नहीं मिल रहे है। वहीं फ्लाइट का किराया 999 रुपये से 3999 तक पहुंच गया है और वेबसाइट भी डाउन है। फ्लाईबिग के हवाई टिकटों की बुकिंग फ्लाईबिग की ऑफिशियल वेबसाइट पर हो रही थी। लेकिन अब कंपनी की साइट भी डाउन है और टिकटों की बुकिंग नहीं हो पा रही है। अन्य ट्रैवेल वेबसाइट जो टिकट बुकिंग कर रहे थे। वे भी टिकटों की बुकिंग नहीं कर रहे हैं। ऐसे में यह भी चिंता का विषय है।

### बजट में रखा जाएगा सभी वर्गों का ध्यान : सीएम साय

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में कल 24 फरवरी से बजट सत्र शुरू होने जा रहा है. इस बार के बजट सत्र को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कल से हमारी सरकार का दूसरा बजट सत्र शुरू होने वाला है. बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा जाएगा. उन्होंने आगे कहा कि पूरा देश जानता है कि हमारी सरकार आने के बाद कैसे काम हुआ है. वहीं सीएम साय ने अपने जशपुर दौरे को लेकर बताया कि आज राज्य में त्रिस्तरीय पंचायती राज का तीसरे चरण का मतदान हैं, सपरिवार हम वोट डालेंगे. इसके बाद स्व. दिलीप सिंह जूदेव मेमोरियल फुटबॉल मैच के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे. बता दें, सीएम साय आज अपने गृहग्राम बगिया में पंचायत चुनाव के लिए वोट डालेंगे।

### जेल रोड में पलटा माजदा, 23 लोग घायल

**जांजगीर-रायपुर (आरएनएस)।** जेल के सामने नेशनल हाईवे-49 पर एक माजदा वाहन पलटने से बड़ा हादसा हो गया। वाहन में 40 से ज्यादा लोग सवार थे, जिनमें से 23 लोग घायल हो गए। घायलों में 13 बच्चे भी शामिल हैं। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। यह दुर्घटना तब हुई जब पकरिया झूलन गांव के लोग माजदा वाहन में सवार होकर मड़वारानी दर्शन के लिए जा रहे थे। जब वाहन जांजगीर की जेल के सामने हा।-49 पर पहुंचा, तो चालक ने बंदरों के झुंड को बचाने की कोशिश की, जिससे वाहन असंतुलित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई, क्योंकि वाहन में बड़ी संख्या में यात्री सवार थे। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और रक्षित निरीक्षक प्रदीप जोशी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत राहत कार्य शुरू करते हुए सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा। फिलहाल सभी घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, अधिकतर घायलों को मामूली चोटें आई हैं, लेकिन कुछ को गहरी चोटें भी लगी हैं।

### आयरन वर्क का आर्डर देकर 3 करोड़ से अधिक की ठगी, जुर्म दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड टंडवा से आयरन से वर्क आर्डर प्राप्त कर 3 करोड़ से अधिक की ठगी का रहने वाला है। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रदीप तिवारी बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड टंडवा का मालिक है। बताया जाता है कि आरोपी चंद डागरा ने प्रार्थी की कंपनी से 25 हजार एमटी आयरन का वर्क आर्डर किया और प्रार्थी से बताए खाते में आरटीजीएस के माध्यम से 3 करोड़ 90 रुपए जमा करवाकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025

# मतदान को लेकर सभी वर्गो में दिखा उत्साह : घरघोड़ा, लैलूंगा और तमनार ब्लॉक में हुई वोटिंग, बनाए गए थे 435 मतदान केन्द्र

- तीसरे और अंतिम चरण के लिए हुआ मतदान
- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने किया विभिन्न मतदान केंद्रो का निरीक्षण







**रायगढ़**

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025 के तहत तीसरे और अंतिम चरण की वोटिंग 23 फरवरी को हुई। रायगढ़ जिले के घरघोड़ा, लैलूंगा और तमनार विकासखंड के 178 ग्राम पंचायतों के 435 मतदान केंद्रों में मतदान किया गया। जनरल आब्जर्वर जगदीश कुमार सोनकर (आईएएस) के साथ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गोयल ने विकासखंड तमनार के तराईमाल एवं सामारुमा, विकासखंड घरघोड़ा के अमलीडीह एवं भालूमार तथा लैलूंगा के कुंजारा एवं खम्हार के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान प्रतिशत एवं मतगणना की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। मौके पर उन्होंने लैलूंगा मुख्यालय पहुंच कर मतदान दलों के आवागमन, सामग्री संग्रहण की तैयारी के संबंध में एसडीएम से जानकारी ली।

सुबह 07 बजे से मतदान शुरू हुआ। लोगों में मतदान को लेकर काफी उत्साह रहा। युवाओं और महिलाओं के साथ वृद्ध जनों ने बड़ी संख्या में मतदान केंद्र पहुंचकर अपने वोट डाले। सुबह 09 बजे तक की स्थिति में घरघोड़ा में 14.36, तमनार में 9.74 और लैलूंगा में 11.01 प्रतिशत वोटिंग हुई। सुबह 11 बजे तक घरघोड़ा में 37.78, तमनार में 33.73 और लैलूंगा में 33.09 प्रतिशत मतदाताओं ने वोटिंग कर लिया था। वहीं दोपहर 01 बजे तक मतदान प्रतिशत बढ़कर घरघोड़ा में 60.02, तमनार में 58.62 और लैलूंगा में 49.40 प्रतिशत रहा।

**तीसरे चरण के मतदान के लिए बनाए गए थे 435 मतदान केंद्र**

तीसरे चरण में तीन विकासखंडों के 175 ग्राम पंचायतों में मतदान होगा। इसके लिए कुल 435 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें तमनार के 61 ग्राम पंचायतों के लिए 142 मतदान केंद्र, घरघोड़ा के 42 ग्राम पंचायतों के लिए 113 मतदान केंद्र और लैलूंगा के 75 ग्राम पंचायतों हेतु 180 मतदान केंद्र बनाए गए थे।

## सीएम की मौजूदगी में 27 को होगा नवनिर्वाचित महापौर-पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह

**रायपुर । आरएनएस**



रायपुर नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे और 70 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 27 फरवरी को इंडोर स्टेडियम, बूढ़ापारा में आयोजित किया जाएगा. यह भव्य समारोह दोपहर 3 बजे से शुरू होगा, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. इस समारोह में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, विधायक सुनील सोनी, विधायक मोतीलाल साहू और विधायक पुरंदर मिश्रा सहित भाजपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे. रायपुर नगर निगम के चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है, और 15 साल बाद महापौर पद पर भाजपा का कब्जा हुआ है. मीनल चौबे शहर की दूसरी महिला महापौर के रूप में शपथ लेंगी. उनके साथ 70 वार्डों के नवनिर्वाचित पार्षद भी शपथ लेंगे, जिनमें से 60 प्रतिशत भाजपा के हैं, जबकि 7 कांग्रेस और 3 निर्दलीय पार्षद निर्वाचित हुए हैं. इस ऐतिहासिक जीत के बाद शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने की तैयारियां पूरी की गई हैं. शपथ ग्रहण के बाद रायपुर नगर निगम की पहली सामान्य सभा भी होगी, जिसमें सभापति का चुनाव किया जाएगा. भाजपा ने सभापति के चुनाव के लिए धरमलाल कौशिक को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है. महापौर मीनल चौबे के शपथ लेने के बाद एमआईसी का गठन होगा, और दस जोन के लिए एक-एक जोन अध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी।

## छत्तीसगढ़ में नए डीजीपी की तलाश अब तक यूपीएससी को पैनल नहीं चार नाम हो सकते हैं शामिल

**रायपुर । आरएनएस**



छत्तीसगढ़ में डीजीपी के पद के लिए राज्य सरकार द्वारा अब तक स्थायी पैनल नहीं भेजा गया है। पिछले दिनों राज्य के डीजीपी के पद से अशोक जुनेजा के सेवानिवृत्त होने के बाद अरुणदेव गौतम के डीजीपी बनाया गया है। बताया गया है कि वे प्रभारी डीजीपी के रूप में काम कर रहे हैं। स्थायी डीजीपी के लिए राज्य सरकार पैनल यूपीएससी को भेजेगी। आमतौर पर तीन डीजी का पैनल भेजा जाता है। अरुणदेव सहित तीन डीजी पहले से हैं। छत्तीसगढ़ में डीजीपी के पद के लिए राज्य सरकार द्वारा अब तक स्थायी पैनल नहीं भेजा गया है। पिछले दिनों राज्य के डीजीपी के पद से अशोक जुनेजा के सेवानिवृत्त होने के बाद अरुणदेव गौतम के डीजीपी बनाया गया है।

बताया गया है कि, वे प्रभारी डीजीपी के रूप में काम कर रहे हैं। स्थायी डीजीपी के लिए राज्य सरकार पैनल यूपीएससी को भेजेगी। आमतौर पर तीन डीजी का पैनल भेजा जाता है। अरुणदेव सहित तीन डीजी पहले से हैं। जीपी सिंह के प्रमोशन के बाद अब चार हो गए हैं। संभव है कि सरकार पैनल में सबको शामिल करे।

राज्य शासन के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो प्रदेश में पूर्णकालिक डीजीपी के पद के लिए अभी प्रक्रिया होनी बाकी है। इससे पूर्व में जब अशोक जुनेजा के संविदा नियुक्ति से रिटायर होने के पहले राज्य शासन ने यूपीएससी दिल्ली को तीन अधिकारियों के नामों का पैनल भेजा था। इन नामों में से एक नाम अरुणदेव गौतम पर सहमति बनी थी। इधर जुनेजा के सेवानिवृत्त होने के बाद 4 फरवरी से गौतम यहां प्रभारी डीजीपी के रूप में काम कर रहे है।

- नए पैनल में शामिल हो सकते हैं ये नाम

राज्य शासन ने अभी यूपीएससी को डीजीपी के पूर्णकालिक पद के लिए नामों का पैनल नहीं भेजा है, लेकिन जब भी ये पैनल भेजा जाएगा, उसमें चार या पांच अधिकारियों के नाम शामिल हो सकते हैं। इनमें अरुणदेव गौतम, पवनदेव हिमांशु गुप्ता के नाम प्रमुख हैं। इसी क्रम में अब जीपी सिंह का नाम भी दावेदारों में शामिल है। वे दावेदारों में शामिल है। वे हाल ही में डीजी के रूप में पदोन्नत हुए हैं। इससे पहले जब तीन नामों का पैनल भेजा गया था, तब वे इसमें शामिल नहीं थे, क्योंकि उस समय उनसे संबंधित न्यायालयीन विवाद लंबित थे। अब सभी विवादों का निपटारा हो चुका है। प्रदीप गुप्ता भी दावेदार हैं। क्योंकि गुप्ता की सेवा अवधि 30 साल होने के कारण वे भी डीजीपी पद के दावेदारों में शामिल हो सकते हैं।

## अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

- मुख्यमंत्री साय ने की रणजीता स्टेडियम के जीर्णोद्धार की घोषणा, खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए किया बड़ा ऐलान
- खेलों में खिलाड़ियों की बढ़ती रुचि और सरकार के समर्थन से छत्तीसगढ़ खेल हब बनने की ओर अग्रसर - मुख्यमंत्री साय

**रायपुर**




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जशपुर में स्व. दिलीप सिंह जूदेव स्मृति अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए। इस प्रतियोगिता का आयोजन 8 फरवरी से 23 फरवरी 2025 तक जशपुर के रणजीता स्टेडियम में किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने पर खिलाड़ियों को 3 करोड़, रजत पदक पर 2 करोड़ और कांस्य पदक पर 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि खेलों के प्रति खिलाड़ियों के बढ़ते उत्साह और सरकार के समर्थन से छत्तीसगढ़ खेल हब बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने रणजीता स्टेडियम के जीर्णोद्धार की घोषणा करते हुए कहा कि रणजीता स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा।

प्रतियोगिता में देशभर के 16 राज्यों से आई राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल टीमों ने भाग लिया।प्रतियोगिता के फाइनल मैच में रेलवे नागपुर और एमईजी बैंगलूरू की टीमें आमने-सामने रहीं। मुख्यमंत्री साय ने फाइनल मुकाबले का आनंद लिया और विजेता टीम को बधाई दी। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए सराहा और भविष्य में ऐसे आयोजनों को और अधिक भव्य बनाने का आश्वासन दिया। अनेक वर्षों के लंबे अंतराल के बाद रणजीता स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर की टीमों को खेलते हुए देखना खेल प्रेमियों के लिए रोमांचक अनुभव रहा।शहरवासियों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में दर्शक इस ऐतिहासिक मुकाबले का आनंद लेने पहुंचे।

इस अवसर पर जशपुर विधायक रायमुनि भगत, सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं पत्थलगांव विधायक गोमती साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, नव निर्वाचित पार्षद, यश प्रताप सिंह जूदेव, शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, शांति भगत, पार्षद फैजान सरवर, ओम प्रकाश, नरेश नंदे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी, कोच और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोगड़ा आश्रम में की पूजा-अर्चना

**रायपुर**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर में प्रसिद्ध अघोर संत भगवान अवधूत राम के सोगड़ा आश्रम में मां काली की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में विधि-विधान से पूजा कर प्रदेश के उज्जवल भविष्य और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि धर्म और आस्था समाज को एकजुट करने की शक्ति देते हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से सामाजिक समरसता और विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार जनहित में निरंतर कार्य कर रही है और जनता के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ समृद्धि और विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

इस अवसर पर जशपुर विधायक रायमुनि भगत, पत्थलगांव विधायक गोमती साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत श्री यश प्रताप सिंह जूदेव, शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, शांति भगत, कृष्ण राय सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

## विस का बजट सत्र सोमवार से, 3 को वित्तमंत्री चौधरी करेंगे बजट पेश : रमन सिंह

**रायपुर । आरएनएस**



छत्तीसगढ़ विधानसभा में कल यानि 24 फरवरी से बजट सत्र शुरू होगा. इससे पूर्व आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर सत्र की जानकारी दी है. उन्होंने बताया कि बजट सत्र 24 फरवरी से 21 मार्च तक चलेगा. यह छठवीं विधानसभा का पांचवा सत्र है, जिसमें 17 बैठकें होंगी. वित्त मंत्री ओपी चौधरी के 3 मार्च को बजट पेश करेंगे. इस बजट सत्र में विधानसभा सदस्यों ने कुल 2367 प्रश्न लगाए गए हैं, जिसमें 1230 तारांकित और 1147 अतारांकित प्रश्न है.

डॉ. रमन सिंह ने बताया कि बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा. पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को दी जाएगी श्रद्धांजलि. इसी दिन अभिभाषण के बाद सभी सदस्य निर्माणाधीन नए विधानसभा परिसर का निरीक्षण करने जाएंगे. वहीं नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की जीत पर डॉ रमन सिंह ने कहा कि आज भारत पाकिस्तान के मैच है. उसी अंदर में जवाब दूं तो भाजपा ने हैट्रिक लगाया है. ऐतिहासिक रिजल्ट रहा है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मोदी की गारंटी पूरी करने की दिशा में बेहतर काम किए हैं, मोदी की गारंटी का तेजी से क्रियान्वयन हो रहा है. विपक्ष से आग्रह है कि सदन की कार्यवाही का अधिक से अधिक उपयोग करें. विधानसभा के बाहर जितना सक्रिय रहे उससे ज़्यादा भीतर सक्रिय रहे तो बेहतर होगा. उन्होंने बताया कि सभी विधानसभा सदस्यों का आईटीएम में दो दिवसीय प्रशिक्षण कराया जाएगा. विधानसभा को पूर्णत: डिजिटलाइजेशन करने की तैयारी है. आईटीएम के प्रशिक्षण के बाद जरूरत के मुताबिक विधायकों की टीम बनाकर प्रशिक्षण के लिए लंदन और सिंगापुर ले जाने पर भी विचार चल रहा है.

## उप मुख्यमंत्री ने शिवरीनारायण महोत्सव का किया शुभारंभ, अटल परिसर का भी किया लोकार्पण

- धार्मिक, आध्यात्मिक और पौराणिक रूप से समृद्ध है छत्तीसगढ़ की धरती - अरुण साव

**रायपुर**



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज माता शबरी की नगरी शिवरीनारायण में शिवरीनारायण महोत्सव का शुभारंभ किया। जांजगीर-चांपा जिले के शिवरीनारायण में महंत लाल दास महाविद्यालय मैदान में 23 फरवरी से 26 फरवरी तक इसका आयोजन किया गया है। चार दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन होंगे। सांसद कमलेश जांगड़े और विधायक शेषराज हरबंश भी शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुईं। उप मुख्यमंत्री साव ने शिवरीनारायण नगर पंचायत में प्रतीक्षा बस स्टैंड में नवनिर्मित अटल परिसर में भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण कर अटल परिसर का लोकार्पण भी किया।

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने शिवरीनारायण महोत्सव का मुख्य अतिथि के रूप में शुभारंभ करते हुए कहा कि त्रिवेणी संगम पर बसा शिवरीनारायण का प्रसिद्ध मेला हमारी संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है। शिवरीनारायण की प्रसिद्धि प्राचीन काल से चली आ रही है। यहां के मेले की ख्याति पूरे छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों में भी हैं। हमारा शिवरीनारायण आस्था और श्रद्धा का केंद्र हैं, यह पवित्र धाम है।

उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और सभ्यता बहुत ही गौरवशाली रही है। छत्तीसगढ़ की धरती धार्मिक, आध्यात्मिक एवं पौराणिक रूप से समृद्ध है। इसमें शिवरीनारायण का महत्वपूर्ण स्थान है। शिवरीनारायण छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध तीर्थस्थल है। यहाँ लगने वाला माघ पूर्णिमा का मेला अपनी विशेषताओं के लिए जाना जाता है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष नारायण चंदेल, पूर्व विधायक सर्वश्री अंबेश जांगड़े और चुन्नीलाल साहू, कलेक्टर आकाश छिकारा और पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शिवरीनारायण महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480